इस क्षेत्र में ब्रिक्स–बिम्सटेक की साझेदारी लाखों लोगों को लाभान्वित करेगी। ब्रिक्स और बिम्सटेक के मध्य सहयोग और साझेदारी की भावना परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण कारक हो सकती है।

–अक्टूबर 2016 में गोवा में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी।

बिम्सटेक

दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशिया को जोड़ना

भारत में विश्व की मेज़बानी

हार्ट ऑफ एशिया

आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता

बढ़ती हुई आतंकवादी हिंसा हमारे समूचे क्षेत्र के लिए एक खतरा है। ऐसी स्थिति में अकेले अफगानिस्तान में शांति की स्थापना काफी नहीं है... अफगानिस्तान और हमारे पूरे क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ मौन और निष्क्रियता केवल आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वालों को प्रोत्साहित करती है।

—अमृतसर में 'हार्ट ऑफ एशिया' मंत्री स्तरीय वार्ता के दौरान दिसम्बर 2016 में प्रधानमंत्री मोदी।

भारत–प्रशांत द्वीपसमूह सहयोग मंच

इस शताब्दी के लिए भारत और प्रशांत द्वीपसमूह देश साझेदारी का एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। यह साझेदारी समान आकांक्षाओं और चुनौतियों पर आधारित है। इसकी स्थापना इस अवधारणा के साथ की गई है, कि विश्व में छोटे और बड़े सभी देशों के एक समान हित हैं।

—भारत–प्रशांत द्वीपसमूह सहयोग मंच के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी।

भारत में वैश्विक आयोजन

आईएएफएस–III पारस्परिक विकास को प्रोत्साहित करना

> आज हम यह शपथ लेते हैं कि हम एक आवाज और आपसी सद्भाव से एक साथ कदम बढ़ाते हुए आगे चलेंगे। यह कोई नई यात्रा या नई शुरूआत नहीं है। यह हमारे प्राचीन संबंधों को भविष्य में ले जाने का एक नया आश्वासन है।
>
> – अक्टूबर, 2015 में तृतीय भारत–अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी।

भारत द्वारा विदेशों में किये गये आयोजन

भारत–प्रशांत द्वीपसमूह सहयोग मंच

ऐतिहासिक संबंधों को पुनः सुदृढ़ करना

भारत–नॉर्डिक शिखर वार्ता: प्रौद्योगिकी और तकनीकी के क्षेत्र में नयी खोजें

बहुपक्षीय बैठकों में भारत

बहुपक्षीय शिखर सम्मेलन	स्थान	वर्ष
पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन	म्यांमार	नवंबर, 2014
	कुआलालांपुर	नवंबर, 2015
	लाओस	सितंबर, 2016
	फिलीपींस	नवंबर, 2017
जी–20 शिखर सम्मेलन	ऑस्ट्रेलिया	नवंबर, 2014
	तुर्की	नवंबर, 2015
	चीन	सितंबर, 2016
	जर्मनी	जुलाई, 2017
सार्क शिखर सम्मेलन	नेपाल	नवंबर, 2014
ब्रिक्स शिखर सम्मेलन	ब्राजील	जुलाई, 2014
	रूस	जुलाई, 2015
	चीन	सितंबर, 2017
भारत–प्रशांत द्वीपसमूह सहयोग मंच	फिजी	नवंबर, 2014
गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन	वेनेजुएला	नवंबर 2016
सीओपी 21	फ्रांस	दिसंबर, 2015
परमाणु सुरक्षा शिखर सम्मेलन	यूएस	अप्रैल, 2016
शंघाई सहयोग संगठन	ताजिकिस्तान	सितंबर, 2014
	रूस	जुलाई, 2015
	उज्बेकिस्तान	जून, 2016
	कज़ाख़स्तान	जून, 2017
राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन	यूके	अप्रैल, 2018

(ऊपर) बाकू में 'हार्ट ऑफ एशिया' मिनिस्टेरिअल कॉन्फ्रेंस के दौरान दिसम्बर 2017 में विदेश राज्यमंत्री एम. जे. अकबर।
(नीचे) बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के देशों के विदेश मंत्रियों के साथ अप्रैल 2017 में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

बहुपक्षीय बैठकों में भारत

राष्ट्रमंडल

साझे भविष्य की ओर

परमाणु प्रसार पर नियंत्रण

> भारत सुदृढ़ संस्थागत ढांचे, स्वतंत्र नियामक अभिकरण और प्रशिक्षित एवं विशेषज्ञ जनशक्ति के माध्यम से परमाणु सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।
>
> –वाशिंगटन में परमाणु सुरक्षा सम्मेलन के दौरान सितंबर 2016 में प्रधानमंत्री मोदी।

बहुपक्षीय बैठकों में भारत

सीओपी 21

हरित विश्व, हरित सोच



> न्यायसंगत जलवायु व्यवस्था यह अपेक्षा करती है, कि हमारे पास उपलब्ध सीमित कार्बन के रहते विकासशील देशों को विकसित होने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने चाहिए... हमें ग्रीन कलाइमेट फंड को बढ़ाने की आवश्यकता है।
>
> –दिसम्बर, 2015 में पेरिस में सीओपी 21 में प्रधानमंत्री मोदी।

बिम्सटेक

क्षेत्रीय एकजुटता

वैश्विक नीति निर्धारण में भारत की भूमिका

भारत की वैश्विक छवि को नये आयाम दिये गये

भारत की सक्रिय व कुशल कूटनीति विश्व पटल पर हमारे बढ़ते प्रभाव व भूमिका को दर्शाती है। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, परमाणु प्रसार और काला धन जैसे वैश्विक समस्याओं वाले विषयों की कार्यसूची तैयार करने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले चार वर्षों में आतंकवाद के प्रायोजकों और आतंक फैलाने वाली ताकतों को अलग–थलग करने के भारत के सतत प्रयासों को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है। हैमबर्ग में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की 11 सूत्रीय कार्य योजनाओं को सभी पक्षों से व्यापक समर्थन मिला। असंतुलित आर्थिक विकास को संतुलित करने के लिए भारत ने आगे बढ़कर काले धन को समाप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग पर जोर दिया। भारत के परमाणु अप्रसार की दिशा में किए गए प्रयासों की पुष्टि के रूप में भारत को तीन वैश्विक परमाणु अप्रसार व्यवस्थाओं के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत के प्रति विश्व के बढ़ते हुए विश्वास का परिचायक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा को 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने तथा 2015, 2016 व 2017 में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने संबोधित किया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पेरिस

न्यूयॉर्क



शंघाई

वियना

संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी के 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकार करने के प्रस्ताव को सितम्बर 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक मत से स्वीकारा। इसे 177 देशों द्वारा सहप्रस्तावित किया गया और इसे 75 दिनों के रिकॉर्ड समय में निर्विरोध पारित किया गया। इसके बाद विश्वभर में योग दिवस का आयोजन किया जाने लगा।

कालाधन के विरूद्ध वैश्विक सहमति बनाना

कालाधन की रोकथाम करना अब एक वैश्विक चुनौती बन गयी है। इससे भारत को करोड़ो डॉलर संरक्षित करने में सहायता मिली है, जिसे अवैध तरीके से विदेशों में छिपाया जा सकता था। प्रधानमंत्री मोदी ने काले धन की वापसी के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ाने के मुद्दे पर बल दिया है। जी–20 की विभिन्न घोषणाओं में बेस इरोज़न और प्रॉफिट शेयरिंग कार्य योजना पर भारत के प्रस्ताव को परिलक्षित किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठनः कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना

“अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन एक ऐसा पहला अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन है जिसका मुख्यालय भारत में स्थित है। इसके माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन न केवल भारत की बहुपक्षीय मंचो में दृढ़ आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह एक बेहतर, टिकाऊ और खुशहाल भविष्य के प्रति भी समर्पित है।”

–अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन के प्रथम अधिवेशन में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, मार्च 2018

आंतकवाद के ख़िलाफ प्रधानमंत्री मोदी की 11 सूत्रीय कार्य योजनाएं

सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद पर चिन्ता प्रकट करते हुए तथा इस बुराई का संयुक्त रूप से सामना करने के लिए हैम्बर्ग में जी–20 देशों के नेताओं द्वारा वक्तव्य जारी किए गए। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपनी ओर से 11 सूत्रीय प्रस्ताव रखा।

1. आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों के विरूद्ध जी–20 देशों द्वारा निर्णायक कार्यवाई की जाए।
2. जी–20 सदस्य देशों के बीच संदिग्ध आतंकवादियों की राष्ट्रीय सूची का आदान–प्रदान किया जाए।
3. नामित आतंकवादियों और उनके समर्थकों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाई की जाए।
4. आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाई में सहयोग के लिए प्रत्यर्पण जैसी विधिक प्रक्रियाओं को सरल एवं सुगम बनाया जाए।
5. अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद संबंधी व्यापक अभिसमय को शीघ्र स्वीकार किया जाए।
6. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के संकल्पों और अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।
7. जी–20 के सदस्य देशों द्वारा कट्टरता को दूर करने और बेहतर व्यवहारों के आदान–प्रदान की दिशा में संयुक्त प्रयास किये जाएं।
8. वित्तीय कार्यवाई दल (एफएटीएफ) और अन्य माध्यमों से आतंकवाद को पोषित करने वाले वित्तीय स्रोतों पर प्रभावकारी कार्यवाई करते हुए इन्हें बंद किया जाए।
9. एफएटीएफ की तर्ज पर हथियार और गोला बारूद पर कार्रवाई करने हेतु कार्यबल (डब्ल्यूईएटीएफ) का गठन किया जाए, ताकि आतंकवादियों के खतरनाक हथियारों की आपूर्ति के स्रोतों को पूर्णतया बंद किया जा सके।
10. आतंकी गतिविधियों पर केन्द्रित साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जी–20 देशों के बीच ठोस सहयोग को बढ़ाया जाए।
11. जी–20 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच आतंकवाद रोधी तंत्र गठित किया जाए।

उनके इस प्रस्ताव को सभी नेताओं की ओर से पुरजोर समर्थन दिया गया।

सुशासन

वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट

"विचारों की गति के समान प्रौद्योगिकी भी गतिशील हो रही है। प्रौद्योगिकी वैश्विक परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बन गयी है। इसने आम आदमी को कई अधिकार दिए हैं। e–शासन में 'ई' शब्द के पाँच अर्थ हैं–

effective (प्रभावी)

efficient (कार्यकुशल)

easy (सरल)

empower (सशक्त)

equity (निष्पक्ष)

सुशासन स्थापित करने के लिए आम आदमी की जिंदगी में सरकार का कम से कम हस्तक्षेप होना चाहिए"

–दुबई में आयोजित विश्व की सरकारों के छठे शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में 11 फरवरी, 2018 को सम्मानित किया गया।

भारत में व्यापार के अवसर

“हम एक ऐसे नवीन भारत का निर्माण कर रहे हैं, जहाँ हम एक साथ मानवता, जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लिए उत्तम प्रशासन और बेहतर सुख-सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मात्र एक संयोग नहीं है, बल्कि यह भारतीयों के सतत संघर्षों का ही परिणाम है कि उन्हें वह मिले जिसके वे हकदार हैं और हम उन्हें यह उनकी अपेक्षा से पहले ही उपलब्ध कराएंगे”

—स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम पर जनवरी 2018 में प्रधानमंत्री मोदी।

विश्व पटल पर भारत की उभरती छवि

वैश्विक परमाणु सम्पन्न देशों में शामिल

परमाणु अप्रसार के प्रति भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता के दृष्टिगत भारत को मिसाइल तकनीक नियन्त्रण प्रणाली (एमटीसीआर), वासेनार व्यवस्था तथा ऑस्ट्रेलिया समूह सहित शीर्ष वैश्विक परमाणु निर्यात व्यवस्था का सदस्य बनाया गया। इन परमाणु संगठनों में भारत की सदस्यता से भारत का वैश्विक परमाणु शक्ति की प्रमुख धारा में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे भारत के विकास तथा समृद्धि के लिए उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण संभव हो सकेगा।

जून 2016

MTCR

दिसम्बर 2017

WASSENAAR WA ARRANGEMENT

जनवरी 2018

The Australia Group

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ): भारत और मध्य एशिया के देशों का सघन संपर्क



भारत के बढ़ते हुए रूतबे को स्वीकारते हुए जून 2017 में अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भारत को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इससे भारत की मध्य एशिया नीति को मजबूती मिली है। इसके माध्यम से नई दिल्ली आतंकवाद के खिलाफ क्षेत्रीय सहयोग को और अधिक मजबूत कर पाएगा। भारत एससीओ के साथ ऊर्जा, शिक्षा, परिवहन, कृषि, सुरक्षा, विकास और व्यापार के क्षेत्रों में संबंधों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्ताना शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– ''यद्यपि हम आज ही एससीओ के सदस्य बने हैं, लेकिन इस क्षेत्र के साथ हमारे संबंध सदियो पुराने हैं''।

मानवीय कूटनीति

दुख–दर्द को साझा करना, संकट के समय सहायता करना और कष्टों का निवारण करना भारत सरकार की कूटनीति का अभिन्न अंग बन गया है। कूटनीति का यह मानवीय और संवेदनशील चेहरा अनेक रूपों में सामने आया है। पिछले चार वर्षों में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नेतृत्व में विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में संकट और संघर्ष की स्थिति में फंसे भारतीयों की आगे बढ़कर सहायता की और उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी करायी। यमन तथा दक्षिणी सुडान की निकासियों का नेतृत्व तो विदेश राज्यमंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह ने स्वयं किया। सोशल मीडिया के माध्यम से तथा व्यक्तिगत हस्तक्षेप से सरकार एक संकट मोचक बन रही है। इसी भावना के चलते सरकार ने विश्वभर में बसे प्रवासी भारतीयों तक पहुँचकर उनमें भारत के साथ जुड़ाव की भावना बढ़ाई है और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनका सहयोग भी हासिल किया है।

(दाएं) पाकिस्तान से वापस लायी गयी मूक–बधिर कन्या गीता के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज। मंत्री ने गीता के माता–पिता का पता लगाने में सहायता की अपील की है।
(नीचे) अफगानिस्तान में अपहृत हो जाने के पश्चात् जुलाई 2016 में वापस भारत लौटीं जूदिथ डिसूजा के साथ प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

(शीर्ष बाएं से घड़ी की सुई की दिशा में) इस्लामिक स्टेट की कैद में रहने के पश्चात् सितंबर 2017 में वापस भारत लौटे फादर टॉम के साथ प्रधानमंत्री मोदी; मानव तस्करी की शिकार गुरप्रीत कौर और उनकी आठ वर्षीय बेटी जर्मनी से वापस लाए जाने के पश्चात् विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के साथ; पाकिस्तान में लापता होने के पश्चात् वापस भारत लौटे निजामी भाइयों के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज; रियाद में भारतीय श्रमिकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी तथा अफगानिस्तान में अपहृत होने के पश्चात वापस लौटे फादर एलेक्सिस प्रेम कुमार के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

इराक में आईएसआईएस आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाई गईं एवं वापस भारत लौटीं 46 भारतीय नर्सों के समूह का कोच्चि में अपने परिवारों के साथ भावुक पुनर्मिलन।

(शीर्ष) कुवैत में भारतीय श्रमिकों की शिकायतों को सुनतें हुए विदेश राज्य मंत्री एम. जे. अकबर। (नीचे) जेद्दाह में किंग अब्दुल्ला मेडिकल कॉम्प्लेक्स में घायल भारतीय हज यात्रियों के साथ विदेश राज्य मंत्री वी. के. सिंह।

भारतीय सबसे पहले

यूक्रेन से वर्ष 2014

में 1,100 लोगों की निकासी करवायी गई।

लीबिया से वर्ष 2014

में 3,750 लोगों की निकासी करवायी गई।

इराक से वर्ष 2014

में 7,200 लोगों की निकासी करवायी गई।

यमन से वर्ष 2015

में 6,710 की निकासी करवायी गई। 48 देशों से 4,748 भारतीयों तथा 1,962 भारतीय नागरिकों को बचाया गया।

नेपाल से वर्ष 2015

में 'ऑपरेशन मैत्री' के माध्यम से सबसे बड़ी आपदा राहत सहायता प्रदान की गई।

दक्षिण सूडान से वर्ष 2016

में 157 भारतीयों की निकासी करवायी गई।

(शीर्ष) नेपाल में आये भूकंप के बाद सहायता देने वाला भारत प्रथम राष्ट्र था।
(दाएं) यमन में ऑपरेशन राहत का नेतृत्व करते विदेश राज्यमंत्री वी. के. सिंह।

(घड़ी की सुई की दिशा में) बांग्लादेश में विस्थापित लोगों की सहायता हेतु चलाये गये ऑपरेशन इंसानियत के अंतर्गत मानवीय सहायता की पहली खेप भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने भेंट की। बाढ़ प्रभावित श्रीलंका में भारतीय नौसेना ने राहत और बचाव अभियान के लिए तीन जहाजों को तैनात किया; भारत ने गंभीर जल संकट से जूझ रहे मालदीव को सहायता प्रदान करने हेतु नौसेना के जहाजों के जरिये तुरन्त पानी भेजा; भारत ने दक्षिण सुडान में फँसे 157 भारतीयों को अपना जहाज भेजकर स्वदेश लाने का काम किया।

प्रवासियों से लगाव

राष्ट्र निर्माण में भागीदार

(शीर्ष बाएं से घड़ी की सुई की दिशा में) समग्र महाद्वीपों के अनेक देशों और महानगरों में बसे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ अभूतपूर्व जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए भारतीय नेतागण; प्रधानमंत्री मोदी ने जोहानेसबर्ग तथा लंदन के वेम्बले स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इथियोपिया में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद।



दुबई

सिडनी

सिंगापुर

बर्लिन

(शीर्ष) संयुक्त अरब अमीरात के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तथा सिडनी में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी;
(नीचे) सिंगापुर में आसियान–भारत प्रवासी भारतीय दिवस में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज; बर्लिन में भारतीय समुदाय को संबोधित करती हुयीं विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।



(बाएं) जनवरी 2015 में गांधीनगर में प्रधानमंत्री मोदी ने 13वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन किया; (नीचे) जनवरी 2017 में बेंगलुरु में प्रवासी भारतीय दिवस पुरस्कार विजेताओं के साथ राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी।

प्रवासी भारतीय दिवस के एक वर्षीय प्रारूप को द्वि-वार्षिक आयोजन में परिवर्तित कर दिया गया है। इस दौरान विभिन्न विषयों पर डायस्पोरा सम्मेलन की श्रृंखलाएं आयोजित की जाती हैं।

सर्वप्रथम पीआईओ संसद सदस्य सम्मेलन

भारत ने 9 जनवरी, 2018 को नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय सांसदों का पहला सम्मेलन आयोजित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पीआईओ को भारत के स्थायी राजदूतों और भारत के विकास के भागीदारों के रूप में वर्णित किया। भारतीय नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे भारतीय संगठनों के सम्मेलन में भाग लेने आये प्रवासी भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के साथ।

प्रवासी भारतीयों को समर्पित प्रवासी भारतीय केन्द्र

नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी, साथ में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, विदेश राज्यमंत्री वी. के. सिंह और विदेश राज्यमंत्री एम. जे. अकबर

भारत को जानें: जोड़ने का एक प्रयास

'भारत को जानें' कार्यक्रम में भाग लेने आये प्रवासी भारतीय युवाओं के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वाराज और विदेश राज्यमंत्री एम. जे. अकबर

अपने पुरखों के भारत को खोजने तथा आधुनिक भारत को देखने– इन दोहरे लक्ष्यों के साथ भारतीय मूल के युवाओं के लिए 'भारत को जानें' कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

सांस्कृतिक सम्पर्क

आध्यात्मिक सम्बन्ध

भारत के जीवन मूल्यों तथा सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए हमने उसे कूटनीति के साथ जोड़ा। इस कारण विश्व मंच पर भारतीय सभ्यता की पहचान बढ़ी तथा वैश्विक मसलों पर नई दिशा से सोचने में मदद मिली। एक प्राचीन सभ्यता जिसका सहस्त्र वर्षों का इतिहास है और जिसने अपनी परम्पराओं को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक युग में अपनी जगह बनाई है उसे विश्व आज आदर की निगाह से देख रहा है।

परंपरागत कूटनीति से आगे बढ़कर हमने दिलों और दिमागों को जोड़ा है। हमने विश्व को भारत की संस्कृति और मूल्यों से अवगत कराया है। हमारा यह सांस्कृतिक जुड़ाव कई रूपों में दिखाई दिया है। विश्वभर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और यूनेस्को द्वारा कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में घोषित किया जाना इसका प्रमाण है। बौद्ध धर्म हमारे नजदीक तथा थोड़ी दूर के पड़ोसी देशों के साथ हमारी साझी विरासत है। सांस्कृतिक संपर्क बढ़ने के कारण उस धरोहर को भी बहुत ऊँचाई मिली।

United Nations
Educational, Scientific and
Cultural Organization

Intangible
Cultural
Heritage

आध्यात्मिक जुड़ाव

रामायण सर्किट

मुक्तिनाथ मंदिर

"नेपाल के बिना
हमारे धाम और राम
अधूरे हैं"

–प्रधानमंत्री मोदी

(बाएं) मई 2018 में नेपाल के जनकपुर में जानकी मंदिर में नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के साथ प्रधानमंत्री मोदी। प्रधानमंत्री मोदी जनकपुर–अयोध्या बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए, जो भारत एवं नेपाल के दो पवित्र शहरों को आपस में जोड़ती है।

अप्रैल 2018 में मंगोलिया के गंडन मठ में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

" दो चीजें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ भारत को जोड़ती हैं, रामायण और बौद्ध धर्म "

–विदेश मंत्री सुषमा स्वराज

प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2016 में म्यांमार के बागान स्थित आनंद मंदिर में आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। भारत ने 12वीं सदी के इस प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर के पुनर्नवीकरण में सहायता की।

साझा विरासत

श्री आग्नेय नमः

(आवरण पृष्ठ) फरवरी–2018 में ओमान के मस्कट में प्रतिष्ठित सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद में प्रधानमंत्री मोदी। (दाएं) मदर टेरेसा के कैनॉनाइजेशन समारोह में भाग लेने के बाद वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज। (घड़ी की सुई की दिशा में) अप्रैल–2018 में बाकू के अग्नि मंदिर अतिशगाह में प्रार्थना करती हुईं विदेश मंत्री सुषमा स्वराज; अप्रैल–2015 में वैंकूवर के एक गुरुद्वारे में अपने कनाडा के समकक्ष स्टीफन हार्पर के साथ प्रधानमंत्री मोदी; अप्रैल–2016 में तेहरान के गुरुद्वारा और सामुदायिक विद्यालय में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

काशी–क्योटो

साझेदारी स्थापना समारोह

स्थापना समारोह

अबु धाबी में पहला हिन्दू मंदिर

फरवरी 2018 में अबु धाबी में पहले हिन्दू मंदिर के लिए आधिकारिक तौर पर आधारशिला रखने का समारोह आरंभ करने के पश्चात् अबु धाबी के क्राऊन प्रिंस मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

"मेरा मानना है कि यह मंदिर वास्तुकला और वैभव के मामले में न केवल अद्वितीय होगा, बल्कि विश्व भर के लोगों को 'वसुधैव कुटुंबकम' (विश्व एक परिवार है) का संदेश भी देगा।"

-प्रधानमंत्री मोदी

(बाएं) जनवरी 2016 में श्रीनाथ मंदिर में बहरीन के विदेश मंत्री खालिद बिन अहमद अल खलीफा के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज; (दाएं) अगस्त 2015 में अबु धाबी की शेख जायद मस्जिद में प्रधानमंत्री मोदी।

विदेश मंत्रालय द्वारा की गई नई पहलें

नये कीर्तिमान स्थापित करते हुये

भारत की विदेश नीति को आज जनता से जोड़ने के लिए विदेश मंत्रालय ने 'समीप' नाम से एक अभिनव पहल की है। जिन कस्बों और गाँवों में विदेश मंत्रालय के अधिकारी पले–बढ़े हुए हैं तथा जिन विद्यालयों में वे पढ़े हैं, उनमें पढ़ रहे विद्यार्थियों को विदेश नीति से परिचय कराया जा रहा है। विदेश सेवा के अधिकारी विदेश नीति के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हैं और विदेश नीति के बारे में समझाते हैं। इस कार्यक्रम की बहुत सराहना हो रही है। अब तक 'समीप' के अन्तर्गत 5 कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके हैं।

क्षेत्रीय मीडिया के साथ सीधा सम्पर्क साधने के लिए विदेश मंत्रालय ने 'विदेश आया प्रदेश के द्वार' नाम से एक नई योजना तैयार की है, जिसके अन्तर्गत हमारा प्रचार विभाग विभिन्न प्रदेशों में जाकर भाषाई पत्रकारों से विदेश नीति पर वार्ता करता है, प्रश्नोत्तर करता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत हैदराबाद से की जा चुकी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पहली बार भाषाई पत्रकारों को यह आभास हो रहा है कि विदेश मंत्रालय उनके साथ भी जुड़ रहा है।

प्रदेश में विदेश

एक ही छत के नीचे: भारत के प्रथम विदेश भवन के लोकार्पण के अवसर पर अगस्त 2017 में महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री देवेन्द्र फड़नवीस तथा विदेश राज्यमंत्री वी. के. सिंह के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज। महाराष्ट्र में विदेश भवन मे विदेश मंत्रालय के अधीन आने वाले समस्त कार्यालय स्थापित हैं।

समय पर मदद

मदद हैल्पलाईन 1800 11 3090 011-40503090 (International)

ओडब्यू आरसी सहायता 1800 11 3090 +91-11-2688-5021 helpline@mea.gov.in

ई–माइग्रेट सहायता डेस्क helpdesk@emigrate.gov.in 011-26887772

ई–सनद

दस्तावेजों का ऑनलाईन सत्यापन। भारत तथा भारत के बाहर आवेदक बिना व्यक्तिगत संपर्क के, बिना नगदी भुगतान के और बिना कागजी कार्रवाई के अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

सिर्फ 1 ट्वीट से मिली राहत

ट्वीट्सः 11.7+ मिलियन लोग इससे जुड़े

समीप: छात्रों को विदेश नीति से अवगत कराना

1 'समीप' विदेश मंत्रालय और छात्रों को आपस में जोड़ने के लिये विदेश प्रचार तथा लोक राजनय (एक्सपीडी) प्रभाग की एक अभिनव पहल है। इसके अन्तर्गत भारत के विभिन्न शहरों तथा कस्बों के छात्र समुदाय तक विदेश मंत्रालय की पहुँच बनाने की कोशिश है।

2 इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल तथा कॉलेज के छात्रों को विदेश मन्त्रालय की भूमिका और इसके कार्यों से अवगत कराना है।

3 इस कार्यक्रम के अर्न्तगत विदेश मंत्रालय के अधिकारी स्वैच्छिक रूप से अपने अवकाश के दौरान अपने गृह नगर/राज्य के स्कूल एवं कॉलेजों के दौरे पर जाते हैं और वहां विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हैं तथा उन्हें विदेश मंत्रालय की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हैं। इसके अलावा वह छात्रों के साथ अपने अनुभव भी साझा करते हैं।

4 'समीप' कार्यक्रम पहले ही जालंधर, तिरूची, सोनीपत तथा इम्फाल में आयोजित किये जा चुके हैं और ऐसे ही अनेक कार्यक्रम अभी किये जाने शेष हैं। विद्यार्थियों को विदेश नीति की जटिलाओं को समझने में यह कार्यक्रम अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ है।

पासपोर्ट सेवाओं में क्रान्तिकारी सुधार

नागरिक–केन्द्रित जनसेवा

नागरिक–केन्द्रित तथा जन–मैत्रीपूर्ण जैसे मार्गदर्शी सिद्धान्तों के साथ पासपोर्ट सेवा परियोजना ने नागरिकों को पासपोर्ट तथा उससे संबंधित सेवाएँ प्रदान करने की प्रक्रिया में क्रान्तिकारी परिवर्तन किया है। पासपोर्ट सेवा परियोजना का प्रारूप भारतीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

4 साल में पासपोर्ट वितरित हुये **4.2 करोड़+**

285 मई 2018 में

कुल पीएसके (2014 में) **77**

पीएसके में बढ़ोत्तरी (2014–18 में) **208**

नियमों का सरलीकरण

जनता की कठिनाइयों को दूर करने के लिए पासपोर्ट नियमों में संशोधन करके उन्हें सरल तथा संवेदनशील बनाया गया है। जिससे आम आदमी की जिन्दगी बहुत आसान हो गई है। जैसे–

अनाथ बच्चों के मामले में अनाथालय के अध्यक्ष द्वारा जन्मतिथि के संबंध में दी गई तिथि को जन्मतिथि प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

तलाकशुदा महिलाओं के मामले में अब पूर्व पति का नाम पासपोर्ट में लिखना जरूरी नहीं है।

एकल अभिभावक की सुविधा के लिये अब आवेदक को ऑनलाईन पासपोर्ट का आवेदन करते समय अपने पिता/माता या कानूनी अभिभावक में से किसी एक का नाम लिखना ही काफी होगा।

पुलिस सत्यापन के लिए लगने वाले दिनों में कमी आई है।

2014	2018
42 दिन	21 दिन

1400 पासपोर्ट मेलों का आयोजन

280 पासपोर्ट सेवाएं

उत्तर–पूर्वी राज्यों में नये पीएसके: वर्ष 2014 तक पूर्वोत्तर के सभी प्रदेशों में केवल गुवाहाटी में एक ही पासपोर्ट कार्यालय था। 2018 तक पूर्वोत्तर के सभी प्रदेशों में अलग–अलग पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोल दिए गए हैं।

पासपोर्ट आपके द्वार

दूरवर्ती क्षेत्रों में पासपोर्ट पहुँचाने के लिए डाकघरों को अधिकृत करना एक महत्वपूर्ण पहल है।

जून 2017 में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र की घोषणा करते हुए संचार मंत्री मनोज सिन्हा के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन

(शीर्ष से घड़ी की सुई के अनुसार) सितम्बर 2015 में भोपाल में 10वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विदेश मंत्री सुषमा स्वराज; मार्च 2018 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मॉरीशस में विश्व हिन्दी सचिवालय भवन का उद्घाटन किया; अप्रैल 2018 में बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत–चीन मैत्री में हिन्दी का योगदान' शीर्षक पर आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज।

विश्व संस्कृत सम्मेलन

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा बैंकॉक में 16वें विश्व संस्कृत सम्मेलन का उद्घाटन

भारत एक परिचय

भारत की दुनिया से साझेदारी

'भारत एक परिचय' पाठकों को विविधता से भरे प्रगतिशील और बहु–सांस्कृतिक देश की आत्मा और हृदय को समझने का अवसर देता है। यह विभिन्न मतों, भाषाओं तथा दर्शनों में गुथे और सदियों से एक–दूसरे के साथ जुड़े भारत के आध्यात्मिक और बौद्धिक विरासत का विश्व से परिचय कराता है। विश्वभर में भारतीय मिशनों और पोस्टों को 51 पुस्तकों का एक सेट उपलब्ध कराया गया है, जिसे उन्हें अपने–अपने देशों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के पुस्ताकालयों को देना है। इसमें संवैधानिक सूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं की पुस्तकों सहित 51 पुस्तकें शामिल हैं। इस ज्ञान के उपहार से सभी देशों को भारत की मूल भावना और अरबों लोगों के जीवन को प्रकाशमान करने वाली भावना को समझने का अवसर मिलेगा। पुस्तकों के इस डिब्बे को खोलकर पाठक भारत की सोच की विशिष्ट महक और इसके विश्व दृष्टिकोण को जान पाएंगे तथा विवेक, उत्साह और आनन्द से भरे भारत से परिचित हो पायेंगे।

विदेश आया प्रदेश के द्वार

क्षेत्रीय मीडिया को जोड़ते हुये

'विदेश आया प्रदेश के द्वार' जन सामान्य तक भारतीय विदेश नीति के उद्देश्यों को पहुँचाने की व्यापक जन कूटनीति का एक अंग है। इस पहल में भारत के विभिन्न नगरों में स्थित ऐसे क्षेत्रीय मीडिया के साथ विदेश मंत्रालय सम्पर्क कर रहा है जिसने अपना स्थान स्वयं बनाया है और जिसका अद्वितीय और व्यापक पाठक वर्ग है।

स्थानीय मीडिया से सीधे संवाद के माध्यम से मंत्रालय सरल शब्दों में विदेश नीति की प्राथमिकताओं को समझाने, कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से जन–सामान्य से जुड़े इसके लाभों को उजागर करने तथा विदेश नीति के विषय में जनता को जागरूक करने का इच्छुक है। इसका लक्ष्य विदेश नीति में रुचि रखने वाले मीडिया कर्मियों का एक समूह तैयार करना तथा विदेश मंत्रालय से उनको जोड़ना है। हैदराबाद से इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा चुका है।

वृहद सम्पर्क योजनाः लक्ष्य 192

एक अभिनव पहल में इस सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के समस्त 192 सदस्य देशों तक पहुंचने हेतु वर्ष 2015 में वृहद सम्पर्क योजना आरंभ की। इस कार्यक्रम में मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान सभी देशों के लिए कम से कम एक मंत्री स्तर की यात्रा की परिकल्पना की गई है। प्रथम चार वर्षों में कुल 185 देशों का दौरा किया गया और शेष सात देशों की यात्रा प्रक्रियाधीन है।

अजय टम्टा
मैकडोनिया

अनंत गीते
यूक्रेन

अनुप्रिया पटेल
डोमिनिका
ग्रेनाडा

अशोक गजपति राजू
आर्मेनिया
जॉर्जिया

सी. आर. चौधरी
सेंट किट्स और नेविस
अंटीगुआ और बारबूडा
चेक गणराज्य

धर्मेन्द्र प्रधान
नाइजीरिया

सहयोगी मंत्री

डी. वी. सदानंद गौड़ा
मोलदोवा गणराज्य

फग्गन सिंह
क्यूबा

गजेन्द्र सिंह शेखावत
ग्रीस

गिरिराज सिंह
पोलैण्ड

जी. एम. सिद्देश्वर
मलावी
जाम्बिया
नाइजर

हरिभाई पी. चौधरी
पराग्वे

हरसिमरत कौर बादल
डेनमार्क
सैन मैरीनो

जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर
समोआ

जितेन्द्र सिंह
सर्बिया

जुएल ओरांव
बोत्सवाना

किरण रिजिजु
लीबिया
ट्यूनीशिया

कृष्ण पाल
तिमोर लेत्से

सहयोगी मंत्री

कृष्णा राज
रोमानिया

महेश शर्मा
हंगरी
लेसोथो

मेनका संजय गाँधी
उरुग्वे

मनोज सिन्हा
कांगो गणराज्य

मनसुख लाल मंडाविया
टोंगा

मोहनभाई कुंदरिया
बुर्किना फासो

मुख्तार अब्बास नकवी
जाम्बिया

निर्मला सीतारमण
क्रोएशिया

पीयूष गोयल
सोलोमन द्वीपसमूह
वेनुआतू

पी. पी. चौधरी
बारबाडोस
सेंट विनसेंट एंड ग्रेनाडाइन्स

राजेन गोहेन
बोलीविया

सहयोगी मंत्री

राजीव प्रताप रूढ़ी
सेंट लूसिया

राज्यवर्धन सिंह राठौर
नामीबिया
जिम्बॉब्वे

राम कृपाल यादव
निकारागुआ
सिएरा लियोन
गिनी

राम शंकर कठेरिया
चाड, कैमरून
गबोन, बेनिन

रविशंकर प्रसाद
लातविआ
एस्टोनिया

सन्तोष गंगवार

मेडागास्कर

सत्य पाल सिंह

गुयाना

सुभाष रामराव भामरे

नाउरू

सुदर्शन भगत

बेलीज, हौण्डुरस

युगांडा, बुरुंडी

केप वर्दे

सहयोगी मंत्री

सुरेश प्रभु

अल्बानिया

बॉस्निया

हर्जेगोविना

पनामा

विजय सांपला

हैती

विष्णुदेव साय

अण्डोरा

मौरिटानिया

गिनी बिसाऊ

वाई. एस. चौधरी

पलाऊ

कोमोरोस

डिज़िटलीकरण का विस्तार

डिज़िटलीकरण की चर्चा की जाए तो विदेश मंत्रालय तर्कसंगत ढंग से भारत सरकार का सर्वाधिक सक्रिय तथा सशक्त मंत्रालय है। हमने अपने मंत्रालय तथा मिशन/पदों को सभी प्रमुख सोशल मीडिया की चर्चा का विषय बनाया है, जिससे वैश्विक डिजिटल कूटनीति रैंकिंग में इस प्रयास के परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

ट्वीटर
1.87 मिलियन
अनुसरण करने वाले

यू–ट्यूब
59,892
पसंद करने वाले

फेसबुक
2 मिलियन लोगों ने इसका अनुसरण किया
167 मिशन और भारतीय पोस्टों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

***जुलाई 2016 से शुरु**
इंस्टाग्रामः विदेश मंत्रालय
24.6 हजार

ट्वीटर पर भारतीय मिशन और पोस्टों की संख्या 174

ट्वीटरः लोक कूटनीति
1.38 मिलियन
लोग इसका अनुसरण करते हैं।

फेसबुकः लोक कूटनीति
3 मिलियन
लोग इसका अनुसरण करते हैं।

11.7 मिलियन लोगों द्वारा सर्वाधिक अनुसरण किये जाने वाली विदेश मंत्री

प्रमुख बिन्दु

- विदेश मंत्रालय का ट्वीटर हैंडल विश्व के तीन सर्वाधिक देखे जाने वाले विदेश मंत्रालयों में से एक है।
- इसके साथ ही भारतीय कूटनीति हैंडल और विदेश मंत्रालय के फेसबुक पृष्ठ विश्व के विदेश मंत्रालयों में सर्वोच्च स्थान रखते हैं। यह अमेरिका के विदेश मंत्रालय से भी आगे है। (इसको देखे जाने वालों की संख्या के आधार पर)
- विदेश मंत्रालय का इंस्टाग्राम विश्व के 10 सक्रिय इंस्टाग्रामों में से एक है। ट्विप्लोमेसी के अनुसार हमारा स्थान विश्व में छठें नम्बर पर है।
- वर्ष 2015–16 में वेबरत्न अवॉर्ड से सम्मानित

विदेश मंत्रालय भारत सरकार
की
प्रस्तुति